


# एशिया कप ट्रॉफी विवाद गहराया

## नकवी की जिद पर बीसीसीआई ने एसीसी को भेजा ईमेल, आईसीसी जाने की तैयारी

- चैम्पियन बनने के बावजूद टीम इंडिया को नहीं मिली ट्रॉफी
- बीसीसीआई सचिव ने सख्त कार्रवाई की दी चेतावनी



**नई दिल्ली. एशिया कप 2025 का खिताब जीतने के बाद से ही भारतीय क्रिकेट टीम को ट्रॉफी न सौंपे जाने का विवाद गहराता जा रहा है. फाइनल में पाकिस्तान को हराने वाली भारतीय टीम ने एशियन क्रिकेट काउंसिल के चीफ और पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नकवी के हाथों ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया था, जिसके बाद यह पूरा विवाद शुरू हुआ.**

भारतीय टीम के आग्रह को नकवी द्वारा ठुकराए जाने के बाद, विजेता टीम बिना ट्रॉफी लिए ही ड्रेसिंग रूम लौट गई थी. नकवी बाद में ट्रॉफी लेकर दुबई के होटल चले गए और पाकिस्तान लौटने से पहले उन्होंने इसे एसीसी ऑफिस में छोड़ दिया. नकवी ने शर्त रखी थी कि भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव व्यक्तिगत रूप से एसीसी ऑफिस आकर ट्रॉफी लें.

अब, भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड ने इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए एसीसी प्रमुख मोहसिन नकवी को एक आधिकारिक ईमेल भेजा है. बीसीसीआई ने तत्काल ट्रॉफी सौंपने की मांग की है.बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने इस मामले पर सख्त रुख अपनाते हुए कहा, हमने एसीसी को पत्र लिखा है कि ट्रॉफी चैंपियन टीम को जल्द से जल्द सौंप दी जाए. हम उनके जवाब की प्रतीक्षा कर रहे हैं.

सैकिया ने साफ कर दिया कि अगर नकवी एशिया कप ट्रॉफी लौटाने को राजी नहीं होते हैं, तो बीसीसीआई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद को पत्र लिखेगा. उन्होंने कहा, अगर प्रतिक्रिया नकारात्मक रही तो हम आईसीसी को लिखेंगे. हम कदम-दर-कदम आगे बढ़ रहे हैं और इसे लगातार आगे बढ़ाते रहेंगे.

### मैदान पर एक घंटे तक किया इंतजार

ज्ञात हो कि 28 सितंबर को दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में फाइनल मैच जीतने के बाद, भारतीय खिलाड़ियों ने नकवी से ट्रॉफी लेने से मना कर दिया था. टीम ने आग्रह किया था कि ट्रॉफी उन्हें एमिरेट्स क्रिकेट बोर्ड के वाइस चेयरमैन द्वारा दी जाए. मोहसिन नकवी के जिद पर अड़े रहने के कारण, भारतीय टीम को मैदान पर करीब एक घंटे तक इंतजार करना पड़ा और अंतत: वे बिना ट्रॉफी लिए ही ड्रेसिंग रूम लौट गए थे.

भारतीय विकेटकीपर ऋषभ पंत की वापसी

# दक्षिण अफ्रीका 'ए' सीरीज में संभालेंगे कप्तानी



**नई दिल्ली. भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत चोट से उबरने के बाद एक बार फिर मैदान पर लौट रहे हैं. उन्हें दक्षिण अफ्रीका 'ए' के खिलाफ होने वाली दो चार दिवसीय मैचों की श्रृंखला के लिए भारत 'ए' टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है. यह मुकाबले 30 अक्टूबर से 9 नवंबर तक बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में खेले जाएंगे.**

पंत जुलाई में इंग्लैंड के खिलाफ मैनचेस्टर टेस्ट के दौरान पैर की हड्डी में फ्रैक्चर के कारण टीम से बाहर हो गए थे. अब उनके पूरी तरह फिट होने के बाद यह सीरीज उनकी प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी का प्रतीक होगी. माना जा रहा है कि इस प्रदर्शन के बाद वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज में भारत की सीनियर टीम में भी वापसी करेंगे. बीसीसीआई ने दोनों मैचों के लिए अलग-अलग टीमें घोषित की हैं. साई सुदर्शन को दोनों मैचों के लिए उप-कप्तान बनाया गया है.

# स्मृति मंधाना वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार, दीप्ति शर्मा तीसरे स्थान पर

- विश्व कप में शानदार प्रदर्शन से बढ़त 83 अंकों की हुई
- एलिसा हीली तीसरे पायदान पर पहुंची



**नई दिल्ली 21 अक्टूबर. भारतीय टीम की स्टार सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने चल रहे आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप में लगातार शानदार प्रदर्शन के दम पर आईसीसी महिला वनडे बल्लेबाज़ रैंकिंग में अपनी शीर्ष स्थिति को और मज़बूत कर लिया है.**

मंधाना ने टूर्नामेंट में लगातार अर्धशतक जड़े, जिसमें इंदौर में इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई शानदार 88 रन की पारी भी शामिल है. उनके बेहतरीन फॉर्म की वजह से नंबर 1 वनडे बल्लेबाज़ के रूप में उनकी बढ़त अब 83 अंकों तक पहुँच गई है. वह इंग्लैंड की कप्तान नैट साइवर-ब्रंट से आगे हैं, जिन्होंने टूर्नामेंट में अब तक 191 रन बनाए हैं. मंधाना को विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज़ में शानदार प्रदर्शन के लिए सितंबर 2025 के लिए आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ भी नामित किया गया था.

ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली टूर्नामेंट में लगातार दो शतक लगाने के बाद एक पायदान चढ़कर संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर आ गई हैं.दक्षिण अफ्रीका की सलामी बल्लेबाज़ तज़मिन ब्रिट्स भी एक स्थान ऊपर चढ़कर नौवें स्थान पर पहुँच गई हैं.

शीर्ष 10 से बाहर भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर तीन स्थान ऊपर उठकर 15वें, ऑस्ट्रेलिया की फोएबे लिचफील्ड पांच स्थान ऊपर चढ़कर 17वें और इंग्लैंड की अनुभवी खिलाड़ी हीथर नाइट 15 स्थान की बड़ी छलांग लगाकर 18वें स्थान पर पहुँच गई हैं.

### गेंदबाज़ी और ऑलराउंडर रैंकिंग

गेंदबाज़ी रैंकिंग में, इंग्लैंड की स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन वनडे गेंदबाजों की सूची में हावी बनी हुई हैं. भारत की दीप्ति शर्मा विश्व कप के पांच मैचों में 13 विकेट लेने के शानदार प्रदर्शन के बाद तीन स्थान ऊपर चढ़कर तीसरे स्थान पर पहुँच गई हैं. ऑस्ट्रेलिया की अलाना किंग दो स्थान ऊपर चढ़कर सातवें स्थान पर हैं .ऑलराउंडर रैंकिंग में, ऑस्ट्रेलिया की एश गार्डनर शीर्ष पर बनी हुई हैं, जबकि श्रीलंका की कप्तान चमारी अथापथु एक स्थान ऊपर चढ़कर सातवें पर पहुँच गई हैं. पाकिस्तान की फातिमा सना ने भी ऑलराउंडर रैंकिंग में पांच स्थानों का सुधार करते हुए 15वां स्थान हासिल किया है.

## एक नजर में



### बायर्न म्यूनिख ने कोच कोम्पनी का अनुबंध 2029 तक बढ़ाया

**म्यूनिख.** जर्मन फुटबॉल चैंपियन बायर्न म्यूनिख ने अपने कोच विंसेंट कोम्पनी का अनुबंध दो साल बढ़ाकर 2029 तक कर दिया है. कोम्पनी ने पिछले साल टीम की कमान संभाली थी और उनके पहले ही सीज़न में बायर्न ने बुंदेसलीगा का खिताब जीता .वर्तमान में बायर्न म्यूनिख बुंदेसलीगा में सात मैचों में सात जीत के साथ शीर्ष स्थान पर है. कोम्पनी ने क्लब के बयान में कहा, ऐसा लगता है जैसे मैं यहां पहले से ही काफी समय से हूँ और क्लब को अच्छी तरह समझता हूँ. अब तक का अनुभव शानदार रहा है और हमने एक शानदार यात्रा की शुरुआत की है. हम मेहनत जारी रखेंगे और कई और सफलताओं का जश्न मनाएंगे .इस सीजन में बायर्न ने सभी प्रतियोगिताओं में 11 मैच जीतकर परफेक्ट शुरुआत की है. बुधवार को बायर्न म्यूनिख चैंपियंस लीग में क्लब ब्रुज का सामना करेगा.

### अमेरिकी शतरंज ग्रैंडमास्टर डैनियल नारोडित्स्की का निधन

**नई दिल्ली.** अमेरिकी शतरंज ग्रैंडमास्टर और अंडर-12 विश्व चैंपियन डैनियल नारोडित्स्की का सोमवार को 29 वर्ष की आयु में अचानक निधन हो गया. उनके क्लब चार्लोट शतरंज सेंटर और अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) ने इसकी पुष्टि की है. निधन का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं किया गया है .फिडे ने सोशल मीडिया पर जारी बयान में नारोडित्स्की को प्रतिभाशाली शतरंज खिलाड़ी, शिक्षक और कमेंटेटर बताया, जिन्हें दुनिया भर के खिलाड़ी और प्रशंसक सम्मान और प्रशंसा देते थे .नारोडित्स्की 2007 में अंडर-12 विश्व चैंपियन बने थे और उन्होंने अधिकतम 2,647 रेटिंग अंक हासिल किए थे. उन्होंने स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय से इतिहास में स्नातक की डिग्री प्राप्त की और केवल 14 वर्ष की आयु में अपनी पहली शतरंज पुस्तक प्रकाशित कर चुके थे. 2013 में 18 वर्ष की उम्र में उन्हें ग्रैंडमास्टर की उपाधि से सम्मानित किया गया .अपने करियर में वह दुनिया के शीर्ष 150 खिलाड़ियों में शामिल रहे. 2021 यूएस चैंपियनशिप में उन्होंने विश्व के दूसरे नंबर के अमेरिकी खिलाड़ी फैबियानो कारुआना को हराकर अपनी सबसे उल्लेखनीय जीत दर्ज की थी.



### गोवा में फिडे विश्व शतरंज कप 31 अक्टूबर से

**पणजी.** फिडे विश्व कप शतरंज चैम्पियनशिप गोवा में 31 अक्टूबर से 27 नवंबर तक होगी जिसका लोगो और गीत मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने मंगलवार को लांच किया .आयोजकों ने यहां जारी बयान में कहा कि विश्व कप विजेता को ट्रॉफी के साथ 2026 कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में तीन स्थान भी मिलेंगे .इसमें भाग लेने वाले खिलाड़ियों में विश्व चैम्पियन डी गुकेश, अर्जुन एरिगेसी, आर प्रज्ञानानंदा, अनीश गिरी, वेसली सो, विंसेंट केमेर, हैंस नीमैन, नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव, इयान नेपोम्नियाश्चि , रिचर्ड रेपोर्ट, विदित गुजराती, निहाल सरीन शामिल हैं .भारत की उदीयमान सितारा दिव्या देशमुख वाइल्ड कार्ड के जरिये ओपन वर्ग में खेलेंगी .सावंत ने कहा कि फिडे विश्व कप 23 साल बाद भारत में हो रहा है . पिछली बार 2002 में टूर्नामेंट भारत में हुआ था जब विश्वनाथन आनंद ने खिताबी जीत दर्ज की थी



### चेन्नई ओपन महिला टेनिस 27 अक्टूबर से

**चेन्नई.** चेन्नई में आखिरी डब्ल्यूटीए 250 इवेंट के आयोजन के तीन साल बीत चुके हैं और यहां का प्रतिष्ठित एसडीएटी टेनिस स्टेडियम एक बार फिर जीवंत हो उठा है और अब गतिविधियों का केंद्र बन गया है. हवा में उत्साह और उत्सुकता का माहौल है, क्योंकि अधिकारी मानसून की बारिश का सामना करते हुए यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि चेन्नई ओपन अंतर्राष्ट्रीय महिला टेनिस चैंपियनशिप के दूसरे संस्करण के लिए सभी व्यवस्थाएँ पूरी कर ली गई हैं. यह भारत में आयोजित होने वाला अब तक का सर्वोच्च अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग इवेंट है, जो 27 अक्टूबर से शुरू होने वाला है. तमिलनाडु टेनिस एसोसिएशन की शताब्दी के उपलक्ष्य में आयोजित इस सप्ताह भर चलने वाले टेनिस महाकुंभ का फाइनल 2 नवंबर को होगा. पिछले संस्करण की विजेता, चेक गणराज्य की 20 वर्षीय लिंडा फ्रुहविर्टोवा, इस टूर्नामेंट की शीर्ष वरीयता प्राप्त उल्लेखनीय खिलाड़ी जर्मनी की तात्याना मारिया, जो दो बच्चों की माँ हैं, भी भाग लेंगी.



# एएफसी अंडर-17 महिला टीम को 22 लाख का नकद पुरस्कार

**नई दिल्ली, 21 अक्टूबर. अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने एएफसी अंडर-17 महिला एशिया कप के लिए क्वालीफाई करने वाली भारतीय अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम के लिए मंगलवार को लगभग 22 लाख रुपये ( 25,000 अमेरिकी डॉलर ) के नकद पुरस्कार की घोषणा की.**

भारत ने बिश्केक में खेले गए ग्रुप-जी के मैचों में किर्गिस्तान और उज़्बेकिस्तान को हराकर छह अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया और अगले साल चीन में होने वाले एएफसी टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया. यह टीम की पहली महाद्वीपीय योग्यता है. इससे पहले, भारत ने 2005 में इस कप में हिस्सा लिया था.

एआईएफएफ ने एक विज्ञप्ति में कहा कि महासंघ ने यूएसडी 25,000 के पुरस्कार की घोषणा करते हुए टीम के असाधारण प्रदर्शन की सराहना की है .महासंघ ने बताया कि यह सफलता संघ की सतर्क योजना का परिणाम है.

# सेमीफाइनल की रेस में भारत, न्यूजीलैंड, श्रीलंका और पाक

## महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप 2025 भारत के लिए क्वालीफिकेशन के समीकरण जटिल

- भारत को अपने दोनों बचे हुए मैच जीतने होंगे
- या नेट रनरेट पर निर्भर रहना होगा



**नई दिल्ली, 21 अक्टूबर. श्रीलंका ने बांग्लादेश को महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप 2025 के एक अहम मुकाबले में 7 रनों से हरा दिया. इस जीत के साथ ही श्रीलंका ने सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें जीवंत रखी हैं. वहीं बांग्लादेश इस टूर्नामेंट से बाहर होने वाली पहली टीम बन गई. ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका और इंग्लैंड की टीम्स पहले ही सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर चुकी हैं. यानी अब एक स्पॉट के लिए चार टीम्स ( भारत, न्यूजीलैंड, श्रीलंका और पाकिस्तान ) रेस में हैं और लीग स्टेज में केवल सात मुकाबले खेले जाने बाकी हैं.**

सबसे पहले बात भारतीय टीम की करते हैं. भारत ने 5 मैच खेलकर 4 अंक हासिल किए हैं और वो फिलहाल अंकतालिका में चौथे नंबर पर है. भारतीय टीम का नेट रनरेट 0.526 है. भारतीय टीम अपने दोनों मैच जीतकर सेमीफाइनल का टिकट आसानी से कटा सकती है. अगर भारत गुरुवार को न्यूजीलैंड से हारता है तो उसे उम्मीद करनी होगी कि न्यूजीलैंड की टीम इंग्लैंड से हार जाए और फिर भारतीय टीम बांग्लादेश को हराए.अगर न्यूजीलैंड के खिलाफ भारतीय टीम का मैच बारिश से धुल जाता है तो भी भारत अंतिम-चार में पहुंच सकता है, बशर्ते वो बांग्लादेश को हराए और श्रीलंका या पाकिस्तान छह अंक तक ना पहुंचे. अगर टीम इंडिया के दोनों मैच धुलते होते हैं, तो भारतीय टीम नेट रनरेट के आधार पर सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई करेगा, बशर्ते इंग्लैंड की टीम न्यूजीलैंड को हराए.

न्यूजीलैंड के भी 5 मैचों से 4 अंक हैं. उसका नेट रनरेट -0.245 है, जिसके चलते वो अंकतालिका में पांचवें स्थान पर है. अगर न्यूजीलैंड की टीम अगले दो मैच जीतती है तो वो आठ अंकों के साथ सेमीफाइनल में पहुंचेगी. भारत के खिलाफ उसका मैच करो-मरो की तरह होगा. अगर न्यूजीलैंड की टीम भारत को हराती है, लेकिन इंग्लैंड से हार मिलती है, तो उसे उम्मीद करनी होगी कि बांग्लादेशी टीम भारत को हराए.

# सिनर ने डेविस कप फाइनल से नाम वापस लिया



**नई दिल्ली (21 अक्टूबर ).चैंपियन इटली को बड़ा झटका लगा है. विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी जानिक सिनर ने इस साल के डेविस कप फाइनल्स में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया है. इटली ने सोमवार को अपनी टीम की घोषणा करते हुए सिनर की अनुपस्थिति की पुष्टि की.सिनर ने पिछले साल स्पेन में इटली को खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी, लेकिन वह 18 से 23 नवंबर तक बोलोग्ना में होने वाले फाइनल 8 में घरेलू सरजमीं पर मौजूद नहीं रहेंगे.**

इटली के कप्तान फिलिपो वोलंद्री ने सिनर के फैसले पर टिप्पणी करते हुए कहा, जानिक सिनर ने 2025 के लिए अपनी उपलब्धता नहीं दी है. वोलंद्री ने विश्वास जताया कि डेविस कप हमेशा सिनर का घर रहेगा, और वह जल्द ही टीम का हिस्सा बनेंगे. उन्होंने कहा कि वह मत्तेओ बेरेटिनी, सिमोन बोलेली, फ्लेवियो कोबोली, लोरेंजो मुसेटी और एंड्रिया ववास्सोरी जैसे खिलाड़ियों के समूह पर भरोसा कर सकते हैं, जो देश के लिए लड़ने को तैयार हैं. वहीं, विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज अगले महीने होने वाली प्रतियोगिता में स्पेन का प्रतिनिधित्व करेंगे.

### पंजाब एफसी ने बोस्नियाई डिफेंडर समीर जेलजकोविक को किया साइन

**मोहाली.** पंजाब एफसी ने मंगलवार को समीर जेलजकोविक को क्लब का पहला विदेशी खिलाड़ी बनाने की घोषणा की. जेलजकोविक 25 अक्टूबर से गोवा में शुरू हो रहे अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ सुपर कप 2025 से पहले शेरों की टीम में शामिल होंगे.यह सेंटर बैक या डिफेंसिव मिडफील्डर एक साल के अनुबंध पर मुफ्त ट्रांसफर के तहत क्लब से जुड़े हैं. 28 वर्षीय समीर जेलजकोविक बोस्निया और हर्जेगोविना के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी हैं और उन्होंने सर्बिया में राडनिकी 1923 के साथ पिछला सीज़न बिताया था. उन्हें यूरोपीय लीग में खेलने का व्यापक अनुभव है.

# ऐतिहासिक उपलब्धि : सिंड्रेला-दिव्यांशी जोड़ी विश्व नंबर 1 पर



**नई दिल्ली, 21 अक्टूबर. भारतीय टेबल टेनिस ने मंगलवार को एक नया ऐतिहासिक मील का पत्थर हासिल किया. सिंड्रेला दास और दिव्यांशी भौमिक की जोड़ी नवीनतम आईटीटीएफ अंडर-19 गर्ल्स डबल्स विश्व रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर पहुँच गई है.**

यह पहला मौका है जब किसी भारतीय जोड़ी ने इस वैश्विक रैंकिंग में पहला स्थान हासिल किया है. भारतीय जोड़ी ने 3910 अंकों के साथ वैश्विक स्टैंडिंग में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है. उन्होंने चीनी ताइपे की वू जिया-एन और वू यिंग-सुआन (3195 अंक) तथा फ्रांस की लियाना होचार्ट और नीना गुओ झेंग (3170 अंक) को पीछे छोड़ा.

सिंड्रेला और दिव्यांशी का शीर्ष पर पहुँचना घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों आयोजनों में उनके लगातार मजबूत प्रदर्शन का परिणाम है.

प्रतियोगिता | 23 से 30 अक्टूबर होगी. छठी जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के पदक विजेताओं को मौका

# एशियाई युवा खेलों के लिए भारतीय मुक्केबाजी दल बहरीन रवाना

**नई दिल्ली/मनामा, 21 अक्टूबर. भारतीय मुक्केबाजी की उभरती प्रतिभाओं को एशिया में अपनी छाप छोड़ने का एक और अवसर मिला है. भारतीय मुक्केबाजी संघ ने तीसरे एशियाई युवा खेल 2025 में भाग लेने के लिए 23 सदस्यीय भारतीय मुक्केबाजी दल को बहरीन के मनामा रवाना किया है.**



ये खेल 23 से 30 अक्टूबर तक आयोजित किए जाएंगे. दल में लड़कों और लड़कियों की -17 आयु वर्ग की सात-सात भार श्रेणियों सहित कुल 14 श्रेणियों में भारत का प्रतिनिधित्व किया जाएगा.

बहरीन रवाना होने से पहले, मुक्केबाजों ने पटियाला में 23 सितंबर से 20 अक्टूबर तक एक उच्च तीव्रता वाला प्रशिक्षण शिविर पूरा किया. इस शिविर में मुख्य प्रशिक्षक विनोद कुमार ( -17 लड़के) और जितेंद्र राज सिंह (-17 लड़कियाँ) की देखरेख में तकनीकी, सामरिक और शारीरिक कंडीशनिंग पर ध्यान केंद्रित किया गया. टीम के साथ छह प्रशिक्षक, दो फिजियोथेरेपिस्ट और एक चिकित्सक का सहायक दल भी शामिल है.

### भविष्य के लिए महत्वपूर्ण मंच

भारतीय मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष अजय सिंह ने इस अवसर पर कहा, हमारे युवा मुक्केबाजों ने पिछले कुछ महीनों में जबरदस्त प्रगति दिखाई है. एशियाई युवा खेलों में यह प्रदर्शन उन्हें भविष्य के पदक विजेता बनने में महत्वपूर्ण साबित होगा. टीम में ध्रुव खरब, उधम सिंह राघव, खुशी चंद, अहाना शर्मा और चंद्रिका भोरेशी पुजारी जैसे प्रमुख स्वर्ण पदक विजेता शामिल हैं, जिन्होंने भारत की युवा मुक्केबाजी की प्रगति में अहम भूमिका निभाई है. एशियाई युवा खेलों में मुक्केबाजी प्रतियोगिता बहरीन के एग्जीबिशन हॉल 9 में आयोजित की जाएगी, जिसमें तीन राउंड की मुकाबले एकल-उन्मूलन प्रारूप में होंगी. पदक वितरण समारोह 30 अक्टूबर को निर्धारित है.